(ii) COMMITTEE ON WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

SHRI BUTA SINGH (Rupar): I beg to move the following:

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do elect one member of Rajya Sabha in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote to the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the vacancy caused by the appointment of Shri Sukhdev Prasad as Deputy Minister and do communicate to this House the name of the member so elected by Rajya Sabha to the Committee.".

MR. SPEAKER: The question is:

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do elect one member of Rajya Sabha in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote to the Committee on the Welfare of Schduled Castes and Scheduled Tribes in the vacancy caused by the appointment of Shri Sukhdev Prasad as Deputy Minister and do communicate to this House the name of the member so elected by Rajya Sabha to the Committee."

*The motion was adopted.*

---

RE: HALF-AN-HOUR DISCUSSION

MR. SPEAKER: I wish to inform the Members that the Half-an-hour Discussion today is postponed. The Member has requested for its postponment.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Some of us give names and the names are ballotted and we do not know whether again for the same day we will have to send our names again or the same thing will continue

MR. SPEAKER: Better you write to me. I will examine it.

श्री हुकम चन्द कछवाय (मुरेना) : इसमें जो नाम हैं, उनको अगली बार के लिए भी रख लिया जाये ।

---

**13.44 hrs.**

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*contd.*

MR. SPEAKER: The House will now resume discussion on the Motion of Thanks on the President's Address. Shri Goswami was on his legs. He has already taken enough time. He has taken 12 minutes already. He can have a few minutes more. Shri Vajpayee wanted to go, he can speak after Shri Goswami.

The Private Members' Business will start at 3-30 P.M. Till then we will have discussion on the President's Address.

We now adjourn for lunch to re-assemble at 2-45 P.M.

**13.45 hrs.**

*The Lok Sabha Adjourned for Lunch Till Forty-Five Minutes Past Fourteen of the Clock*

---

*The Lok Sabha re-assembled after lunch at forty-eight minutes past Fourteen of the Clock.*

(MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*)

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Dinesh Chandra Goswami.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: (Diamond Harbour): I have nothing to raise today.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He did everything in the forenoon.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: We have got a very good Speaker, Sir.

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI (Gauhati): I was submitting yesterday about the restlessness in this country because of the angry young generation, and I was submitting that unless something could be done about this angry young generation in this country, the country shall have to face indefinite trouble. After all, every unemployed young man today in this country is a volcano and is creating new social and political problems, and unless we can solve their problems, however pious our wishes may be, this country may go in misguided directions.

Further, I was submitting that a complete and overall change in the approach of the educational system has also become necessary. The educational system in this country has primarily been a legacy of the British raj. I do not say that we have not gained anything from this educational system. But we must also bear it in mind that things have undergone rapid changes in the entire world during the last few years. The world has become smallar. Things which we could not comprehend a few years back have now become realities. Man has landed on the moon, and attempt is continuing to conquer other planets. Various other things of immense dimensions have taken place. But unfortunately, the educational system in the country has not undergone any basic change to keep pace with these changes.

We talk about socialism. May I ask myself and my friends whether our educational system gives any impression about socialism to the students. Does the educational system teach our students the basic values for which we stand? Unless ideas about these basic ideologies are introduced into the educational system, we cannot impart it to the students.

I will cite an example to show how our educational system has become obsolete today. My brother in class VIII was reading a poem 'Casabianca' a story well known to most of us. The poem describes a father who was an officer in the navy. He carried his child to a ship which was engaged in a battle. He asked the boy to stand in a particular position in the ship saying 'Do not move until I come back'. Then he went to battle and unfortunately died. Meanwhile the ship caught fire. But the body did not move because his father did not come and ask him to do so. So he died in that position. Can you expect a boy of today who has learnt to think by himself because of the effect of democracy will be inspired by such a story? This type of thinking might have been in good one some years back, but it has become obsolete today and I do not think our younger generation can be inspired by such a way of thinking that parents' advice should be followed to the latter even though it may be extremely harmful.

Take the entire literature. Or take the Hindi films. In every Hindi film today, there is the word *dil*. There is not a single film without *dil* Emotions have been attributed to the heart. But after heart transplantation, it has been proved that the heart is just a pumping machine and his nothing to do with the emotions. In literary pieces and in the school syllabii we compare the beauty of our sweetheart with the moon. But after Armstrong has landed on the moon we know that the moon is not so beautiful to be described as such.

What I am submitting is that things have changed. The system must change to impart a new basic idea into the younger generation. Therefore, a complete change in the entire educational system in the approach is necessary.

In paragraph 16 of his Address, the President makes a reference to it. But no concrete proposals have been

[Shri Dinesh Chandra Goswami]

put forward. I fell that a psychological change in society has also become necessary. I have found that the tendency in the younger generation today is to become either a politician or a cinema star. We have associated the profession of politics and that of the cinema star with a certain artificial grandeur which is attracting the youth. We have not placed the teachers, the peasants and artisans in the pedestal in which they should have been placed. No bright young man wants to be a teacher because in society we have not been able to put the teacher in his rightful place How can you expect this country to progress at the proper pace unless you put the teachers, workers the men in the profession in their rightful place? Therefore, a psychological change in the entire society is necessary I think the present educational system cannot bring about such a psychological change. From that aspect also I feel a change in the basic approach in the educational system is necessary

Because my time is short, I will pass on to another point which has not been touched in the Presidential Address.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The last point.

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI: I will take just two minutes.

Mention has been made about rising prices, but I will refer to one menace, the menace of adulteration of foodstuffs, which is one of the most important things to which we should give serious attention. We know how a few months back the people of an entire village of Bengal were paralysed by consuming adulterated mustard oil. There was also a report that such a thing happened by consuming adulterated *dal* also.

A few months ago, I saw in one of the newspapers a cartoon in which a man was depicted to have come to office after a few days. His friends asked him, "What has happened to you? Why did you not attend office for the last few days?" He replied, "For once I took unadulterated ghee and I had stomach trouble." Therefore, the situation is that our body is so accustomed to the adulterated things that we cannot consume unadulterated things. Therefore, I ask this House to ponder over the point that the time has come when adulteration at source should be made a capital offence. I will plead for it before this House.

Before I conclude, I only want to make a reference to a particular portion of the speech made by Mr. Frank Anthony Mr Frank Anthony, in the course of his speech yesterday, made certain uncharitable remarks about the Congress organisation He said that the Congress is a movement; and not a party. that in the larger umbrella of the Congress, people of all colours and character have been brought in, and he asked how this Congress can deliver the goods Sir, this type of prophecy is not new to the Congress people. This type of prophecy has been made even during the Independence movement or was made even before we were born. In the Independence movement, it was asked how the Congress organisation led by a naked *fakir* would be able to bring Independence. But Independence did come. After that, it was said that owing to fortuitous circumstance Independence has come but that the Congress Government would not be able to deliver the goods. But the Congress Government has been in power for so many years. I therefore submit that a person like Mr. Frank Anthony who has no association with the common people of this country will not be able to understand the pulse of the Congress.

The strength of the Congress lies in the big umbrella under which we have been able to bring the common men, the common population, and

therefore, the common people understand the pulse of the Congress, and the Congresss understands the pluse of the common people, and the strength of our organisation lies there.

The Congress is like a big sea or a big river. To a big river, the small tributaries come and join. Just as the sea or a big river never loses its character, so too under the large umbrella of the Congress can be permitted people of different character. Like a big sea or a big river this organisation will not lose its basic character. I therefore feel that what Mr. Frank Anthony has said is absolutely untrue.

With these words, I support the motion moved in this House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Vajpayee. At 3.30 we take up Private Members' Business.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (ग्वालियर: उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में न तो रस है, न रंग है, न प्राण है, न प्रतिष्ठा है। यहां तक कि उसमें प्रेरणा भी नहीं है। आज देश के सम्मुख जो गम्भीर चनौतियां विद्यमान हैं उनका उसमें सही प्रतिबिम्ब तक प्राप्त नहीं होता। उन चनौतियों को किस प्रकार जीता जायेगा, किस प्रकार सफलतापूर्वक उन संकटों का सामना किया जायेगा, राष्ट्रपति का अभिभापण न तो उस की व्यूह रचना देता है, न कोई उपाय योजना प्रस्तुत करता है।

उपाध्यक्ष महोदय, म इस विवाद में कुछ बुनियादी सवाल उठाना चाहता हूं। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि आन्ध्र प्रदेश एक रहे या दो भागों में बंट जाये यह कोई बुनियादी सवाल नहीं है। अगर आन्ध्र और तेलंगाना दो पृथक राज्य बन जायें तो कोई आसमान टूटने वाला नहीं है। अगर जनता की राय से आन्ध्र प्रदेश की एकता बनी रहे तब भी पृथ्वी कोई रसातल को जाने वाली नहीं है।

आश्चर्य की बात यह है कि आन्ध्र के विभाजन का सब से अधिक विरोध जो कर रहे हैं वह हमारे कम्युनिस्ट मित्र हैं। उन्होंने भारत के विभाजन का विरोध नहीं किया था, भारत की अखंडता उन के लिए संघर्ष का विषय नहीं थी, लेकिन आन्ध्र की अखण्डता के वह सब से बड़े अलम्बरदार बन कर खड़े हो गये। कोई भी आन्दोलन जिसे हमारे कम्युनिस्ट मित्र नहीं चलाते कभी प्रगतिशील नहीं हो सकता। कोई भी संघर्ष जिस का नेतृत्व हमारे कम्युनिस्ट मित्र नहीं करते वह आम आदमी का भला नहीं कर सकता। मैं अपने कांग्रेसी मित्रों से कहना चाहूंगा आन्ध्र की समस्या को कम्युनिस्टों के चश्मे से न देखें, वे उन्हें ऐसी जगह ले जा कर पटकेंगे जहां पानी भी नहीं मिलेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, आज बुनियादी प्रश्न यह है कि गरीबी हटाओ के नारे को कार्यान्वित करने के लिए क्या किया जाये? 22 करोड़ लोग जो आजादी के 25 साल बाद और आर्थिक नियोजन के 18 वर्ष पश्चात् भी कंगाली का जीवन बिता रहे हैं, गरीबी का नहीं, कंगाली का जीवन बिता रहे हैं, उन की स्थिति में सुधार कैसे लाया जाये। मेरे मित्र श्री उन्नीकृष्णन इस का जवाब दे सकते हैं कि समाजवाद ला कर। मैं चाहता हूं कि इस विवाद में प्रधान मंत्री जी यह बात स्पष्ट करें कि वह देश में कैसा समाजवाद चाहती हैं? क्या समाजवाद की उन की परिभाषा और कौमरेड इन्द्रजीत गुप्त की परिभाषा एक है? कुछ दिन पूर्व श्री मोहन कुमारमंगलम ने साइंटिफ़िक सोशलिज्म की बात कही थी। साइंटिफ़िक सोशलिज्म का मतलब है मार्क्सिज्म। मेरे मित्र इन्द्रजीत गुप्त जी कह रहे हैं लेनिनिज्म भी। क्या कांग्रेस पार्टी इस विचार से सहमत है कि उसे देश में मार्क्सिज्म लाना है?

**15 hrs.**

उपाध्यक्ष महोदय, अभी एक पाक्षिक पत्रिका में समाजवाद के ऊपर भिन्न भिन्न लेखों का प्रकाशन हुआ है। उस में श्री सुब्रह्मण्यम ने

इस बात पर अपने विचार बड़ी सफाई के साथ प्रगट किये हैं। मैं उनको उद्धत करना चाहता हूं :

"Those of us who swear by Jawaharlal Nehru saying that he was really the father of socialism and that he laid down the correct path should realise what he propounded was not Marxian socialism which is defined as scientific socialism and is being put forward by some as the goal we should have for ourselves."

उपाध्यक्ष महोदय, मार्क्सवाद का अर्थ है पूर्ण राष्ट्रीयकरण, उत्पादन, वितरण और विनियम के साधनो पर सरकार का एकाधिकार, खेती का सामूहीकरण, एक दल की तानाशाही, वर्ग युद्ध, व्यक्तिगत सम्पत्ति की समाप्ति। क्या प्रधान मंत्री इस से सहमत है ? यदि नही, तो वे स्पष्ट करे कि समाजवाद के सदर्भ में वे कहा खडी है और देश मे किस तरह के समाजवाद की रचना करना चाहती हैं।

अपनी मृत्यु से दो दिन पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू ने श्री श्रीमन्नारायण की पुस्तक "सोशलिज्म इन इंडियन प्लानिंग" की प्रस्तावना लिखी थी। उसका एक अंश मैं उद्धत करना चाहता हूं :

"Socialism has become rather a vague word with many meanings attached to it. In the modern world with its dynamism and its tremendous technological progress, it is clear that India's concept of socialism undergoes the change and yet its fundamental principles remain. In India it is important for us to profit by modern technical processes and increase our production both in agriculture and industry. But in doing so, we must not forget that the essential objective to be aimed at is the quality of the individual and the concept of dharma underlying it."

मैं चाहता हूं कि समाजवाद की परिभाषा के बारे में, नेहरूजी के कथन के संदर्भ में प्रधान मंत्री इस बात को स्पष्ट करें कि सारे विवाद में उनकी स्थिति क्या है ? सरकार कहती है कि वह मिश्रित अर्थव्यवस्था में विश्वास रखती है, लेकिन शासन में ऐसे लोग भी हैं जो कहते हैं कि मिश्रित अर्थ व्यवस्था एक अमिश्रित बुराई है, "मिक्सड इकोनामी इज एन अनमिक्स्ड इविल"। इस प्रकार मिश्रित अर्थ व्यवस्था का काम आप कैसे चला सकते हैं। अगर चलती का नाम गाड़ी है तब तो यह गाडी चलेगी लेकिन उससे समाज का विकास नही होगा और देश में जो वचारिक भ्रान्ति फैली है और सत्तारूढ दल भी जिस का शिकार दिखाई देता है, वह दूर नही होगी।

आज देश मे अनिश्चितता का वातावरण ह। सभी स्वीकार करेंगे कि अनिश्चितता का वातावरण विकास की दर को बढाने मे, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को तीव्र करने मे कठिनाइया पदा कर रहा है। यह अनिश्चितता का वातावरण दूर होना चाहिए या नही, इस पर भी सरकार विचार करे।

मै श्री श्रीमन्नारायण का फिर एक अंश सदन के सामने रखना चाहता हूं :

"With a view to stepping up production it is imperative that an air of uncertainty should not be left to hang over the heads of the producers in fields as well as factories. For example, land reforms are very desirable both in social justice and higher productivity but we should not go on tampering with the rights of land holders all the time. Agrarian legislation should be implemented expeditiously and thoroughly. Having been done, the farmer should be assured that there would be no further revision of ceilings and other land laws for the next 15 years or so. Similarly, the frequent talk about nationalisation of private sector industries generates a climate of

uncertainty in the minds of entrepreneures and further investments tend to taper of almost to a zero point This admittedly hampers production and leads to economic stagnation "

मै चाहता हू कि इस अनिश्चितता के सम्बन्ध मे सरकार की नीतिया स्पष्ट होनी चाहियें। कोयले की खानो का एक हिस्सा कुछ महीने पहले लिया गया। तब श्री मोहन कुमारमगलम से पूछा गया था कि क्या आप दूसरा हिस्सा भी लेने जा रहे है ? उनका उत्तर था कि नही लेने जा रहे हैं। लेकिन तलवार सिर पर लटकती रही, खानो का विकास रुका रहा और अब दूसरी खानो को भी ले लिया गया है। जिस दिन खानो को लिया गया उसी दिन कोयले के दाम भी बढा दिए गये।

मैं पूछना चाहता हू कि सरकार की कल्पना के समाजवाद मे प्राइवट सैक्टर रहेगा या नही ? रहेगा तो किस सीमा तक रहेगा ? भूमि का मालिक किसान होगा या नही होगा ? आप जोत की सीमा घटान के बारे मे लगातार विचार करते हैं तो किसान के मन मे आशका पैदा होती है कि सरकार उसके खत को अनार्थिक बना करके उस पर सामूहिक खेती लादना चाहती हैं। उसकी इस आशका का निराकरण होना चाहिए। यह बहुत आवश्यक है।

सरकार ने अभी फैसला किया है कि अनाज के थोक व्यापार का राष्ट्रीयकरण किया जायेगा। मैं उसे राष्ट्रीयकरण नही, सरकारीकरण कहता हू। प्रश्न यह है कि क्या यह एक व्यावहारिक कदम है ? उस दिन मेरे मित्र श्री उन्नीकृष्णन कह रहे थे कि जन सघ सरकारी व्यापार का विरोध कर रहा है क्योंकि वह जमाखोरी और चोर बाजारी करने वालो का हिमायती है। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि आपने आजादी के पच्चीस साल तक थोक व्यापार को अपने हाथो मे नही लिया तो क्या इसका यह अर्थ है कि पच्चीस साल तक आप जमाखोरों और चोर बाजारी करने वालो के हिमायती थे ? इसलिए यह तर्क नही है, इसे नही रखा जा सकता।

प्रश्न सिद्धान्त का नही है, व्यवहार का है। क्या देश की 56 करोड जनता को खिलाने की जिम्मेदारी लेने की योग्यता, दक्षता, क्षमता, पूजी, साधन आदि इस सरकार के पास है ? आज फेयर प्राइस शाप्स ठीक से नही चल पा रही है। फूड कारपोरेशन ने देश मे जिस तरह से काम किया है, वह किसी से छिपा नही है। पश्चिम बगाल सरकार की इस सम्बन्ध मे रिपोर्ट सब की आखे खोलने वाली होनी चाहिए। आज तक यह भी स्पष्ट नही है कि यह सरकारी व्यापार कब शुरू होगा, कैसे शुरू होगा ? मुझे अमृतसर में कच्चे आढती मिलन के लिए आये थे। सरकार अभी तक उनके द्वारा अनाज खरीदती थी। अब उन्हे पता नही है कि वे रहेंगे या नही रहेंगे। क्या सरकारी कर्मचारी हर गाव में जा कर अनाज खरीदेंगे ? क्या इससे किसान की परेशानी नही बढेगी ? क्या भ्रष्टाचार नही पनपेगा ? कोआप्रेटिव सोसाइटीज का जो हाल है, मुझे माफ किया जाय यह कहने के लिए कि, वह किसी से छिपा हुआ नही है। कुछ प्रदेशो मे वे अच्छी चल रही है। उन प्रदेशो को मैं बधाई देता हू जिन मे एक महाराष्ट्र है। लेकिन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश आदि में जिस तरह से ये चल रही है उसकी चर्चा न ही की जाये तो अच्छा होगा।

कौन अनाज खरीदेगा? क्या किसानो को अपनी इच्छानुसार अनाज बेचने की आजादी नही होनी चाहिए? क्या उसको यह अधिकार नही है कि वह अपनी मेहनत का पूरा पैसा प्राप्त करे ? क्या इस का अवसर उसको प्राप्त नही होना चाहिये ? आज भी सरकार बहुत सा अनाज किसानो का खरीद रही है लेकिन थोडा अनाज छोड़ दिया जाता है ताकि किसान अपनी इच्छा से जिस तरह से चाहे बेच सके। क्या सरकार एकाधिकार करेगी ? क्या इससे किसानों में असन्तोष पैदा नही होगा ? क्या इससे किसान सरकारी कर्मचारियो की दया पर निर्भर नही होगा ? फूड कारपोरेशन ने जिस

[श्री अटल बिहारी बाजपेयी]

तरह का भ्रष्टाचार चलता है इसको हम सभी जानते हैं। मैं उदाहरण देता हूं, किसान एक दिन गेहूं ले कर आया। अफसरों ने कह दिया कि गेहूं घटिया किस्म का है इसके दाम कम मिलेंगे। बाद में दक्षिणा देने पर वही गेहूं अच्छी किस्म का हो गया और खरीद लिया गया। जो तंत्र हमारे पास है उसकी वास्तविकता से हम आंखें मूंद नहीं सकते हैं। इस तंत्र में सरकारी व्यापार को सफल नहीं बनाया जा सकता है। यह तंत्र न केवल उत्पादक को बल्कि उपभोक्ता को भी परेशानी देगा। लेकिन सरकार नारों से बंधी है। कम्युनिस्ट पार्टी उसे अनाज का पूरा व्यापार अपने हाथ में लेने के लिए विवश कर रही है और वह यह भी सोचने के लिए तैयार नहीं है कि क्या हम इतनी बड़ी जिम्मेदारी लेने की क्षमता रखते हैं ?

सरकार किसानों से प्रोत्साहक मूल्य पर अनाज खरीदे, उसका भंडार बनाये और उस भंडार को बाजार में ला कर दामों को संतुलित करने का प्रयत्न करे। लेकिन साथ में खुला बाजार भी चलने दे।

एक बात मैं अपने कांग्रेसी मित्रों से कहना चाहता हूं। आज तो आप अपनी विफलता को छिपाने के लिए जबकि बाजार में अनाज नहीं है या उसके दाम बहुत ऊंचे हैं व्यापारी को बलि का बकरा बना सकते हैं लेकिन जब ये व्यापारी समाप्त हो जायेंगे तब आप अपना दोष किस के मत्थे मढ़ेंगे ? तब आप कोई जवाब देने का स्थिति में नहीं रहेंगे। इस लिये सारे व्यापार को अपने हाथ में लेने की जरूरत नहीं है। फूड कारपोरेशन के हैंडलिंग चार्जिज 26 परसेंट हैं। व्यापारी दो तीन परसेंट पर भी काम कर सकता है। उस में मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति है, उस पर अंकुश लगाना जरूरी है। इसलिए सरकार अनाज खरीदे, बचे लेकिन एकाधिकार न करे। लेकिन मैं नहीं समझता हूं कि नारों से बंधी सरकार इस सम्बन्ध में कोई स्वतंत्र निर्णय ले सकती है।

मेरे कम्युनिस्ट मित्र मुझे क्षमा करें, मैं उन की तरफ जरूरत से ज्यादा ध्यान दे रहा हूं। सरकारीकरण में हमारे कम्युनिस्ट मित्रों का एक निहित स्वार्थ है। उन के लिए राष्ट्रीयकरण आर्थिक परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं है। उन के लिए राष्ट्रीयकरण राजनैतिक सत्ता हथियाने का हथियार है।

कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से मेरे पास शिकायतें आई हैं कि अगर उन में कोई गबन होता है, अनियमितताएं होती हैं, तो आज उन बैंकों के कर्मचारी अपने अधिकारियों के पास शिकायतें नहीं पहुंचा सकते। उन कर्मचारियों को विवश किया जाता है कि वे मामलों को पहले यूनियन में लायें और यूनियन के दफ्तर में बैठ कर के मामले हल किए जाते हैं। अगर आप चाहें, तो मैं इस संबंध में प्रमाण प्रस्तुत कर सकता हूं। सिद्धांत के आधार पर कोई भी राष्ट्रीयकरण का विरोध नहीं कर सकता है। लेकिन राष्ट्रीयकरण जनता के हित में है या नहीं। राष्ट्रीयकरण सफलतापूर्वक चलाया जा सकता है या नहीं, इस का विचार होना चाहिए।

हम किस तरह से काम करते हैं इस का प्रमाण है भूमि वितरण के सम्बन्ध में आज तक की सरकार की नीति। जब से देश आजाद हुआ है, हम भूमि सुधार पर बल दे रहे हैं, हम कह रहे हैं कि बची हुई भूमि क्या है ? इस के बाद के आंकड़े मुझे कहीं से प्राप्त नहीं हुए हैं। "इंडिया, 1971–72" में लैंड रिफार्म्ज के चैप्टर के अन्तर्गत पृष्ठ 271 पर जो जानकारी दी गई है, उस से ऐसा लगता है कि जो भूमि बची है, जो फालतू प्राप्त हुई है, उस को बांटने का काम बहुत कम राज्यों में हुआ है।

उदाहरण के लिए आंध्र में 30 हजार हैक्टेयर जमीन फालतु हो गई है, मगर उस में से एक हैक्टेयर भी किसी भूमिहीन को नहीं बांटी गई है।

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** (निजामाबाद) : 21 हजार एकड़ भूमि बाटी गई है। (व्यवधान)

**श्री पीलू मोदी** (गोधरा): खुद इन को मिली है। पूछ लीजिए। (व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** बिहार मे कोई भी भूमि फालतू नही बची है और न बाटी गई है। महाराष्ट्र मे 152 हजार हैक्टेयर भूमि बची है, जिस मे से केवल 47 हजार हैक्टेयर का वितरण हुआ है। उडीसा मे कोई भूमि नही बची है, इसलिए बाटने का सवाल ही पैदा नही होता है। इसी प्रकार की स्थिति अन्य राज्यो मे भी है। राजस्थान मे 24 हजार हैक्टेयर भूमि बचने के आकडे दिए गए है, जिस मे से केवल 5 हजार हैक्टेयर भूमि बाटी गई है।

क्या केवल भूमि वितरण निश्चय करना काफी है क्या भूमि-सुधारो के प्रति शाब्दिक सहानुभूति पर्याप्त है? अगर भूमि-वितरण कार्यक्रम को सार्थक बनाना है, तो उस के लिए जो समितिया बनने वाली है, उन मे भूमिहीनों का बहुमत होना चाहिए। अगर उन मे भूमिहीनों का बहुमत नही होगा, तो भूमि कभी नही बाटी जा सकेगी और सरकार के वायदे कभी अमल में नहीं आ सकेंगे। क्या सरकार यह करने के लिए तैयार है। मेरा निवेदन है कि बड़ी बडी बाते कर के लोगों की आशाये और आकाक्षाये जगाना सरल है, मगर आज उन आशाओं और अपेक्षाओं की क्राति का सामना करने में सरकार थर्रा रही है।

बड़ी चर्चा हो रही है देश मे हिसात्मक उपद्रवो की। मै मानता हू कि लोकतत्र और हिसा साथ साथ नही चल सकते। लोकतत्र मे हिसा का परित्याग करना होगा। लकिन इस हिंसा के लिए, उत्तरदायी कौन है? (व्यवधान) क्या सत्तारूढ़ दल के सदस्य हृदय पर हाथ रख कर कह सकते है कि उन्होंने हिसात्मक तरीकों को नही अपनाया? क्या उन्होंने पश्चिमी बगाल में अपने राजनैतिक विरोधियो को समाप्त करने के लिए हिसा का आश्रय नही लिया? (व्यवधान) वे इस तथ्य से इकार नही कर सकते।

**श्री** स. . . (. . .) . हम ने इकार . . दिया है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** काग्रेस सगठन . . . के कार्यालय का जिन्होने बलपूर्वक अपने कब्जे मे लेने का प्रयत्न किया जिन्होने शिमला समझौता के बाद जनसघ के दफ्तर पर हमला किया, जिन्होने अभी पिछले रविवार को चडीगढ मे भ्रष्टाचार-विरोधी सम्मेलन को नही होने दिया, वे लोकतत्र की बाते न करें। रविवार को चडीगढ मे जो कुछ हुआ है, वह देश मे आने वाले फाशिज्म की घटी है। क्या भ्रष्टाचार के विरोध मे सम्मेलन नही हो सकता? मैं कल अमृतसर मे था। अमृतसर से लोग बसो मे भर भर कर शराब पिला कर, उस सम्मेलन को भग करने के लिए, भेजे गए, और वे सत्तारूढ़ दल से सम्बधित थ। यहा श्री भीमसेन सच्चर रोने लगे। वह भ्रष्टाचार-विरोधी सम्मेलन उन श्री रियासत. ने सगठित किया, जिन के मेमोरेडम पर पजाब के मत्रियो के विरुद्ध जाच हो रही है। लेकिन यह जाच इसलिए कराई गई कि वे मत्री अकाली थे। आज श्री रियासती काग्रेसी मत्रियो के विरुद्ध भ्रष्टाचार की आवाज उठा रहे है तो उन का गला घोटा जा रहा है, उन की सभा को भग किया जा रहा है। इसके विरुद्ध प्रधान मत्री ने एक शब्द भी नही कहा और काग्रेस के अध्यक्ष ने भी मुह नही खोला। दूसरो के दोष देखने से पहले हमारे काग्रेसी मित्र अपना घर ठीक करें।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

आंध्र में भी जो भी हिंसात्मक घटनायें हो रही हैं, कोई उन का समर्थन नहीं कर सकता। मैंने विजयवाड़ा में खुले शब्दों में कहा कि हिंसा का परित्याग होना चाहिए। फिर भी प्रधान मंत्री कहती हैं कि किसी ने हिंसा की निन्दा नहीं की। लेकिन क्या यह सच नहीं है कि देश की जनता में यह धारणा घर कर गई है कि मांग कितनी भी न्यायोचित हो, सरकार जब तक नहीं सुनेगी, जब तक उस मांगों के साथ हिंसा नहीं होगी, तोड़-फोड़ नहीं होगी? यह भावना किस ने पैदा की है ?

गुरु गोविन्द सिंह मैडिकल कालेज के विद्यार्थी चार महीनों से दिल्ली में मंत्रियों के द्वारों पर दस्तक दे रहे हैं उन का भविष्य संकट में है। वे शान्तिपूर्ण हैं, धरना दे रहे हैं और कल से भूख-हड़ताल पर बैठ गए हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। वे मुझ से पूछते हैं कि हम क्या करें। अब अगर उन के धैर्य का बांध टूट जाये, अगर वे कानून हाथ में ले लें, तो केवल उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

हरियाणा के अध्यापकों पर क्या बीत रही है ?

**एक माननीय सदस्य :** और बच्चों पर क्या बीत रही है ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** बच्चों पर जो बीत रही है, वह भी [आप के राज्य में बीत रही है और हरियाणा के अध्यापकों पर जो बीत रही है, वह भी इन लोगों के राज्य में बीत रही है। माननीय सदस्य हम को इतना श्रेय न दें। हरियाणा के अध्यापकों का नेतृत्व कोई राजनैतिक पार्टी नहीं कर रहा है। माफ कीजिए, राजनैतिक पार्टियां आज पीछे रह गई हैं और जनता आगे बढ़ गई है। कोई किसी को भड़का नहीं रहा है। हरियाणा के अध्यापकों को उन के विद्यार्थियों के सामने मुर्गा बनाया गया। महिला शिक्षकों की बेइज्जती की गई। मुख्य मंत्री ने कहा है कि जो भी अध्यापक हड़ताल पर जाता है, बाजार में जहां मिले, पीटो। वे अध्यापक आज भाग कर दिल्ली में आये हैं, संसद् का दरवाजा खटखटा रहे हैं, प्रधान मंत्री से मुलाकात कर चुके हैं और अब वे जेलें भर रहे हैं। क्या शांतिपूर्ण तरीके से उन की बात नहीं सुनी जायेगी।

आन्ध्र का मामला पुराना है पृथक तेलंगाना की मांग बहुत दिनों से उठ रही है। स्टेट्स रीआर्गनाइजेशन कमीशन ने उस की सिफारिश की थी। लेकिन नेताओं में समझौता हुआ कि एक आन्ध्र बना रहे। अगर वह समझौता सफल हो जाता, तो कोई कठिनाई पैदा न होती। लेकिन उस समझौते ने काम नहीं किया। तेलंगाना की उपेक्षा हुई और वहां एक जन-आन्दोलन उठ खड़ा हुआ। अगर हमें राजनैतिक लाभ उठाना होता, तो हम 1969 से ही पृथक तेलंगाना की मांग का समर्थन करते। इस विषय में तेलंगाना के मित्रों को अभी तक शिकायत है। लेकिन हम ने कहा कि जब दो भाइयों में से एक साथ रहना चाहता है, तो साथ रहने का प्रयोग चलना चाहिए और हम ने पृथक तेलंगाना की मांग का समर्थन नहीं किया।

लेकिन आज दोनों तरफ से यह मांग उठ रही है। आज आन्दोलन का स्वरूप ही बदल गया है। आज तेलंगाना वालों का आन्दोलन आन्ध्र वालों के खिलाफ नहीं है और आंध्र वालों का आन्दोलन तेलंगाना वालो के खिलाफ नहीं है। तेलंगाना में "जय आंध्र" के नारे लग रहे हैं और आन्ध्र में "जय तेलंगाना" के नारे लग रहे हैं। मैंने कहा कि अब आप एक नारा और लगायें "जय भारत" का। तेलंगाना और आन्ध्र बने तो भारत के भाग रहेंगे। आज दोनों भागों में परस्पर कटुता नहीं है। यह कहना गलत है कि प्रतिक्रियावादी आन्दोलन चला रहे हैं। पृथकता का आन्दोलन जनता का आन्दोलन

है। उस जनता के आन्दोलन को गहराई को आप समझें। सरकार मुल्की रूल्स के बारे में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद सोती क्यों रही। हम ने कहा था कि आप सब को बुला कर बात कीजिए, कानून मत बनाइए। कानून बनाने में जल्दबाजी की, और अब पश्चाताप हो रहा है। अब कहा जा रहा है कि हम बात करेंगे। मेरा निवेदन है कि आंध्र और तेलगाना के पृथक राज्य की माग, यह जनता की माग है और इस माग को स्वीकार करने मे आपत्ति नही होनी चाहिए। यह डर जरूर है कि इस तरह की मागें और भी उठ सकती है। लेकिन आंध्र का मामला सब से अलग है। विदर्भ की माग है। मगर शेष महाराष्ट्र मे विदर्भ पृथक हो जाय यह इच्छा नही है। सौराष्ट्र पृथक होना चाहता है, लेकिन बाकी का गुजरात सौराष्ट्र छोडने को तैयार नही है। क्या कम्युनिस्ट पार्टी के मित्र उत्तर प्रदेश के पहाडी जिलो के पृथक राज्य की माग को बल नही दे रहे है (व्यवधान) श्री पी० सी० जोशी कम्युनिस्ट है या नही ? (व्यवधान) कम्युनिस्ट नहीं है शायद इसीलिए उन्होंने एक बात लिख दी है --

The failings of the CPI is that it acts as a tail of the Congress leadership when the latter acts right, while it echoes the CPM when the Congress leadership temporises It only says "Yest, Madam" one day and "No, Madam' the next.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): He wants to say, "Yes, Madam" every day, all the time.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : मगर दोनो मेडम से ही मतलब रखते हैं।

मेरा निवेदन है कि प्रधान मंत्री आन्ध्र की समस्या को प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनाये। आन्ध्र के प्रश्न को लटका कर रखने से समस्या हल नही होगी। जो राज्य के पुनर्गठन की माग कर रहे है उन नेताओ मे फूट डालने का उद्देश्य भी सफल नही होगा। हमारे मित्र श्री रघुरमैया को यह काम दिया गया है कि जो पृथकता की मांग कर रहे है उन को लडाओ, उन मे फूट डालो। श्री सुब्बा रेड्डी को अलग करो। श्री चेन्ना रेड्डी का लोगो मे नाता तोडो। आवश्यकता हो तो रुपया दे कर लोगो को खरीदो। यह तरीका नही है जन-आन्दोलन से निपटने का।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K RAGHU RAMAIAH): I have been given no such task

SHRI PILOO MODY: What he means is, he has not been given a budget.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : लेकिन मेरा निवेदन है कि यह समस्या इस तरह से हल नही होगी। इसलिए हम ने सुझाव दिया है कि आन्ध्र का पृथक निर्माण कर दिया जाय और अगर और कही पृथक राज्य की माग हो तो उस पर विचार करने के लिए कमीशन बनाया जा सकता है। यह कोई विघटनकारी माग नही है। नागालैण्ड का पृथक राज्य बनाया गया। उपाध्यक्ष महोदय, आप का राज्य मेघालय बनाया गया। मिजोराम की रचना हुई। अरुणाचल का निर्माण किया गया। केन्द्र कमजोर नही हुआ। केन्द्र की शक्ति संविधान से आती है, राज्यों की संख्या से नही। हम ने इन राज्यों का विरोध किया था इसलिए कि ये राज्य सीमा पर बनाए जा रहे हैं और ये राज्य कांग्रेस पार्टी की सुविधा से बनाए जा रहे हैं, किसी सिद्धान्त के आधार पर नही। आज भी आप आंध्र पृथक बनाएंगे अपनी सुविधा से, जब कोई नरसिंह राव मिल जायगा तो आन्ध्र बना देंगे। लेकिन श्री सुब्बा राव के रहते बनाना मुश्किल है। प्रधान मन्त्री अपने मोहरे बिठाती हैं और जहां अपना मोहरा नही जीतता वहां बाजी खेलने से इन्कार कर देती है।

उपाध्यक्ष जी, मुख्य मन्त्री अब प्रदेशों मे नही चुने जाते, केन्द्र से भेजे जाते हैं। एक संकट पैदा हुआ और आन्ध्र

के सूबेदार पलायन कर गए। आसाम में भाषा का संकट पैदा हुआ और मुख्य मन्त्री दिल्ली में मौजूद हैं। दिल्ली के बल पर ही वंशी लाल जमे हुए हैं। उन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से इन्कार किया जा रहा है। अभी मैं ने पंजाब का उदाहरण दिया। पंजाब के दो एम०एल०एज़ ने आरोप लगाया और जांच के लिए कमीशन बना दिया गया। उन से यह भी नहीं पूछा गया कि इस के बारे में आप को क्या कहना है और वंशी लाल को यह अवसर दिया जा रहा है कि वह सफाई दें

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** (बेग सराय) : एक बार नहीं, कई बार।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : बार बार सफाई देने का अवसर दिया जा रहा है। कारण यह है कि मारुति के नागपाश में वंशी लाल ने नई दिल्ली को भी ग्रस्त कर लिया है। लेकिन यह भ्रष्टाचार से लड़ने का तरीका नहीं है। प्रदेशों में दिल्ली से सूबेदार भेज कर न तो संविधान को सार्थक किया जा सकता है और न राजनीतिक स्थिरता प्राप्त की जा सकती है।

उपाध्यक्ष जी, वक्त चुनौती दे रहा है। देश में हिंसा की हवा है। परिवर्तन पुकार रहा है। जिस लहर ने प्रधान मन्त्री को सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया आज वह लहर पलट रही है जो लहर उन्हें सत्ता के सिंहासन तक पहुंचा सकती है वह उन्हें धरती पर भी ला सकती है, यह बात उन्हें नहीं भूलनी चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: We take up Private Members' Business now.

Shri K. Lakkappa.

---

**15-30 hrs.**

## COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

### TWENTY-SECOND REPORT

SHRI K. LAKKAPPA: (Tumkur): I beg to move:

"That this House do agree with the Twenty-second Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 21st February 1973."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Twenty-second Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 21st February 1973."

*The motion was adopted*

---

**15.30-1/2 hrs.**

## SALARIES AND ALLOWANCES OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL*

*(Insertion of new section II)*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Karni Singh.

DR. KARNI SINGH (Bikaner): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Salaries and Allowances of Members of Parliament Act, 1954.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Salaries and Allowances of Members of Parliament Act, 1954."

SHRI S. A. SHAMIM (Srinagar): I am opposing the motion at the introduction stage.

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, Section 2 dated 23rd February, 1973.